<u>महत्वपूर्ण/समयबद्ध</u>

<u>संख्या-145/1297/84-1-13-1297विविध/2013</u>

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

<u>उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1</u> लखनऊ दिनॉक 26 दिसम्बर, 2013

विषय- शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यक्रमों के उच्च स्तरीय अनुश्रवण एवं स्थलीय निरीक्षण में पाई गई कमियों तथा प्राप्त सुझावों पर कार्यवाही किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के पत्र संख्या-3205/31-2013-65/2013 टी0सी0, दिनॉक 17 दिसम्बर, 2013 की प्रति संलग्नक सहित प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण जो जनपद इलाहाबाद (कोड 0-007) से संबंधित है, में मुख्य सचिव महोदय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उच्च स्तरीय स्थलीय निरीक्षण् की निरीक्षण आख्या के पंचम खण्ड में उल्लिखित विशेष महत्वपूर्ण प्रकरण (माह अक्टूबर, 2013) से संबंधित **प्रभारी, बाट-माप द्वारा गलत सूचनायें उपलब्ध करायी गयी हैं।** अत: इस संबंध में संबंधित दोषी कार्मिक के तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना शासन को प्रत्येक दशा में **<u>एक सप्ताह के अन्दर</u>** उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि वस्तुस्थिति से मुख्य सचिव महोदय को समयान्तर्गत अवगत कराया जा सके।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in